Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding rapidly shrinking glaciers causing less water flow in rivers of Punjab.

डॉ. अमर सिंह (फतेहगढ़ साहिब) : माननीय अध्यक्ष जी, मुझे आपने बोलने का अवसर प्रदान किया है, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं । सतलुज और व्यास नदी पंजाब और मेरे संसदीय क्षेत्र की लाइफलाइन है । जल शक्ति मंत्री जी भी यहां पर बैठे हुए हैं । रिपोर्ट आ रही है । वैसे मंत्री जी को भी पता है कि पंजाब की सारी नदियां और नार्थ की सारी नदियां, जैसे गंगा जी और यमुना जी, सारी ग्लैशियर फेड हैं । ग्लैशियर बहुत स्पीड से सिंक कर रहे हैं । उनके नीचे बहुत बड़ी-बड़ी झीलें रहती हैं । कई बार फ्लैश फ्लड्स आते हैं । पंजाब और मेरे संसदीय क्षेत्र से हम 35 से 40 प्रतिशत फूडग्रेन्स देते हैं । अगर ग्लैशियरों के सूखने की यही स्पीड रही, सतुलज नदी के बारे में यह स्टडी आई है कि करीब-करीब 50 प्रतिशत पानी कम हो सकता है । मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि इसकी कोई व्यवस्था कराई जाए कि सभी लोग और पूरा देश.... (व्यवधान)